## पोस्टर बॉयज़ में आपका दिल धड़काएगा हॉट एली का डांस




हाल ही में फिल्म नाम शबाना में नजर आई बॉलिवुड ऐक्ट्रेस एली अवराम जल्द ही कॉमिडी फिल्म पोस्टर बॉयज़ में अपने डांस से खलबली मचाते हुए दिखेंगी। इस फिल्म में एली ओय होय कुड़ियां में अपने डांस नंबर से आपके दिलों में राज करने आ रही हैं। एली के डांस की ये तस्वीरें आपको उनका दीवाना बना सकती हैं। दलेर मेंहदी और नेहा कक्कड़ का यह गाना कल रिलीज किया जाएगा। पिछले काफी समय से बड़े पर्दे से गायब सनी और बॉबी देओल अपनी नई फिल्म पोस्टर बॉयज़ के साथ एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर दस्तक दे रहे हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन ऐक्टर श्रेयस तलपड़े ने किया है। श्रेयस इस फिल्म में ऐक्टिंग भी कर रहे हैं। अक्सर सीरियस किरदारों में दिखने वाले सनी और बॉबी देओल इस फिल्म में कॉमिक रोल में नज़र आएंगे। फिल्म के ट्रेलर से फिल्म की कहानी के बारे में पता चलता है कि सनी, बॉबी और श्रेयस की तस्वीर गलती से पुरुष नसबंदी के पोस्टर पर छप जाती है। इसके बाद फिल्म में कुछ मजेदार घटनाएं घटती हैं, उन्हीं पर पूरी फिल्म आधारित हैं। यह फिल्म इसी नाम से बनी एक मराठी फिल्म का रीमेक है जिसे श्रेयस तलपड़े ने प्रड्यूस किया था।

## रिलीज से पहले ही रजनीकांत-अक्षय की फिल्म 2.0 की कमाई हुई 100 करोड़ के पार

सूपर स्टार रजनीकांत और अक्षय कुमार की फिल्म 2.0 का सभी लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. पहले यह फिल्म इसी साल दिवाली पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म के वीएफएक्स वर्क में देरी के कारण फिल्म की रिलीज डेट को आगे शिफ्ट कर दिया गया है. बता दें कि इस फिल्म ने रिलीज होने से पहले ही 110 करोड़ की कमाई करली है. दरअसल, फिल्म के सैटेलाइट राइट्स को जी नेटवर्क ने खरीद लिया है. इसका मतलब यह है कि फिल्म के रिलीज हो जाने के बाद यह फिल्म जी नेटवर्क के किसी टीवी चैनल पर प्रसारित की जाएगी. बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्म है 2.0 : जानकारी के लिए बता दें कि इस फिल्म का बजट बॉलीवुड की अब तक की सभी फिल्मों में से सबसे ज्यादा यानी 400 करोड़ का है. फिल्म के मेकर्स को भी फिल्म से काफी उम्मीदें हैं. बता दें कि इस फिल्म में अक्षय कुमार विलेन के किरदार में हैं तो वहीं रजनीकांत फिल्म में हीरो की भूमिका निभा रहे हैं. फिलहाल इस फिल्म के तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स द ग्लोबल सिनेमा द्वारा खरीदे जा चुके हैं. दरअसल, फिल्म के बजट की तरह इसके प्रमोशन का बजट भी काफी बड़ा है. फिल्म के प्रमोशन के लिए मेकर्स 150 करोड़ खर्च करेंगे. 7000 स्क्रीन्स पर होगी रिलीज : मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के प्रमोशन के लिए एक 100 फुट का हॉट एयर बलून उड़ाया जाएगा जिस पर अक्षय कुमार और रजनीकांत की बड़ी तस्वीरें लगाई जाएंगी. यह बलून लंदन, दुबई और ऑस्ट्रेलिया के तमाम शहरों से होता हुआ जाएगा. एस.शंकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 7000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा. यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा महंगी फिल्म है लेकिन देखना यह होगा कि क्या यह फिल्म बाहुबली 2 के रिकॉर्ड्स को तोड़ पाएगी या उसे टक्कर दे पाएगी.

## नासा में ली गई ट्रेनिंग कभी नहीं भूलेगी : सुशांत सिंह राजपूत



हाल ही में नासा के 'स्पेस एंड रॉकेट सेन्टर' से ट्रेनिंग लेकर लौटे सुशांत सिंह राजपूत अब अंतरिक्ष यात्री के रूप में अपनी अगली फिल्म 'चंदा मामा दूर के' की शूटिंग के लिए परफेक्ट हो गए हैं. अंतरिक्ष यात्रा पर बननेवाली यह फिल्म भारत की पहली स्पेस पर बननेवाली फिल्म है. फिल्म का डायरेक्शन संजय पूरन सिंह चौहान कर रहे हैं. यह एक ऐसा अंतरिक्ष मिशन है जिसकी वजह से पूरा देश एकजुट हो जाता है. स्वदेश और जानेमन जैसी फिल्मों की वजह से बॉलीवुड का नासा के साथ एक संबंध बना है, जिसे 'चंदा मामा दूर के' आगे लेकर जाएगी. लेकिन यह पहला मौका होगा कि नासा की टीम ने एक बॉलीवुड एक्टर को नासा में बुलाकर उसे ट्रेनिंग दी हो. इस बारे में सुशांत कहते हैं कि यह कमाल का अनुभव था. पिछले बीस साल से मेरे दिमाग में सिर्फ फॉर्मूला और थ्योरी ही थीं. लेकिन पहली बार, मैंने ढेरों अनुभव लिए. जीरो ग्रैविटी क्या होती है. स्पेस में जाना क्या होता है, इसका अनुभव पहली बार लिया. मैंने जो सिर्फ किताबों में पढ़ा था, उसे सच में महसूस किया. वह दुनिया ही, काफी अलग है. यह ट्रेनिंग हमेशा यादगार रहेगी. फिजिक्स में सुशांत अच्छे मार्क्स लाते थे और उनकी स्पेस फिजिक्स में दिलचस्पी भी रही है. उनके पास अंतरिक्ष निहारने का टेलीस्कोप भी है. जिससे वे तारे देखते हैं. सुशांत कहते हैं, यह उन टेलीस्कोप में से है, जो बहुत दूर तक देख लेता है.

## अमिताभ, शाहरुख जैसा स्टारडम अब नहीं मिल सकताः अनुष्का शर्मा





फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से जान डालने वाली अदाकारा अनुष्का शर्मा का कहना है कि इम्तियाज अली के साथ काम करने की उनकी इच्छा काफी समय से थी, जो 'जब हैरी मेट सेजल' के साथ पूरी हो गई। अनुष्का का मानना है कि समय के साथ-साथ स्टारडम के भी मायने बदल गए हैं। अब पहले जैसा स्टारडम नहीं रहा, जो अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों के दौर में रहा है। जिस तरह की शोहरत अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान ने हासिल की है, वैसी शोहरत अब हासिल नहीं की जा सकती। महज 25 साल की उम्र में फिल्म निर्माण क्षेत्र की कमान संभाल चुकी अनुष्का चाहती हैं कि अधिक से अधिक महिलाओं को निर्देशन और फिल्म निर्माण क्षेत्र में आना चाहिए। वह कहती हैं कि निर्माण क्षेत्र में हाथ आजमाने की वजह से वह बेहतर अभिनय कर पाने में सक्षम हुई हैं, क्योंकि इससे निर्देशकों की मेहनत और उनके जज्बे को बेहतर तरीके से समझ पाई हैं। इम्तियाज अली जैसे मंझे हुए निर्देशक के निर्देशन में काम करने के अनुभव के बारे में पूछने पर अनुष्का कहती हैं, 'मैं लंबे समय से इम्तियाज के साथ काम करना चाहती थी। उनकी फिल्में हमेशा ही पसंद की जाती रही हैं और मेरी तमन्ना थी कि कभी उनकी किसी फिल्म का हिस्सा बनूं। उनकी फिल्मों में मुख्य महिला कलाकार का किरदार काफी सशक्त होता है।' अनुष्का ने फिल्में चुनने के बारे में अपनी राय साझा करते हुए कहा, 'मैं फिल्म को कहानी को अधिक तवज्जो देती हूं, उसके बाद निर्देशक भी मेरे लिए उतना ही मायने रखता है। फिल्म की कहानी में क्या नया है और मेरे किरदार कैसा है, उससे संतुष्ट होने के बाद ही फिल्म साइन करती हूं। आप मेरे अब तक के करियर को देखकर इसका अनुमान लगा सकते हैं कि मैंने लगभग 10 वर्षों में सिर्फ 15 फिल्में ही की हैं।' 'जब हैरी मेट सेजल' के प्रचार के लिए नई दिल्ली पहुंचीं अनुष्का कहती हैं, 'वह अपने नाम के साथ किसी खास तरह का टैग नहीं चाहती। वह कहती हैं कि इस तरह के टैग मिलना अब आसान नहीं है, क्योंकि किसी कलाकार के नाम के साथ किसी खास तरह का टैग जुड़ना सामान्य बात नहीं है, यह बहुत खास है। उन्होंने कहा, 'अब स्टारडम का मतलब बदल गया है, जिस तरह से शाहरुख को किंग ऑफ रोमांस और अमिताभ बच्चन को एंग्री यंगमैन जैसे टैग मिले हैं, वैसा अब बहुत मुश्किल है। हालांकि, मुझे किसी खास तरह का कोई टैग नहीं चाहिए।'

## कंगना रनौत की फिल्म सिमरन का नया पोस्टर हुआ रिलीज



कंगना रनौत की नई फिल्म सिमरन का पोस्टर हाल ही में रिलीज किया गया है. फिल्म के इस पोस्टर में कंगना एक रॉयल लुक में नजर आ रही हैं. फिल्म के इस पोस्टर में कंगना स्माइल कर रही हैं और किसी होटल में बैठी हुई नजर आ रही हैं और उन्होंने रेड कलर की ड्रेस पहनी हुई है. कंगना के टेबल पर एक ड्रिंक भी रखी हुई है, जिसे देख कर यह कहा जा सकता है कि वह किसी खुबसूरत पल को एंजॉय कर रही हैं. बता दें कि फिल्म में कंगना एक हाउसकीपर के किरदार में नजर आएंगी, लेकिन वह कई तरह के क्राइम में इन्वोलव हो जाती हैं. दरअसल, फिल्म के टीजर को पहले ही रिलीज किया जा चुका है. टीजर देखने के बाद से ही यह उम्मीद है कि कंगना दौबार बॉलीवुड की क्वीन का खिताब जीत लेंगी. हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 15 सितंबर को रिलीज होगी. इसके अलावा कंगना अपनी फिल्म मणिकार्णिक की भी शूटिंग कर रही हैं.

## अक्षय कुमार के लिए वरुण, रणवीर और सिद्धार्थ ने दिखाई अपनी टॉयलेट-कथा



अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा के प्रमोशन में जमकर लगे हुए हैं और इस दौरान क्लीनिंग ड्राइव से लेकर शहरों के चक्कर लगाने तक वह सब कुछ कर रहे हैं. लेकिन अब अक्षय की इस फिल्म का प्रमोशन सिर्फ वह खुद ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड के कई और सितारे भी करते नजर आ रहे हैं. पहले वरुण धवन, फिर एनर्जी के ब्रांड एम्बेस्डर रणवीर सिंह और अब अक्षय कुमार के ऑनस्क्रीन ब्रदर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अक्षय की फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा का प्रमोशन किया है. वैसे तो अक्षय और भूमि पेडणेकर टीवी से लेकर लाइव इवेंट तक में अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं लेकिन इन तीनों एक्टर्स ने जिस फनी अंदाज में इस फिल्म का प्रमोशन किया है, उसे आप जरूर देखना चाहेंगे. सिद्धार्थ ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें उनके साथ अक्षय भी नजर आ रहे हैं. इस मजेदार वीडियो में अक्षय और सिद्धार्थ टॉयलेट... पर बात करते नजर आ रहे हैं. बता दें कि यह दोनों साल 2015 में आई फिल्म ब्रदर्स में एक-दूसरे के भाई का किरदार निभा चुके हैं. इससे पहले रणवीर सिंह ने भी एक बेहद फनी वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह भूमि पेडणेकर के टॉयलेट में से निकलते नजर आ रहे हैं. आप भी देखिए रणवीर और भूमि का यह मजेदार अंदाज.

## 'ऐश्वर्या राय के साथ कोई पागल ही काम नहीं करना चाहेगा' :अक्षय ओबेरॉय

'कालाकांडी' में सैफ अली खान के भाई का किरदार निभाने जा रहे अक्षय ओबेरॉय ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा जा रहा है कि उन्होंने 'फन्ने खां' फिल्म में ऐश्वर्या राय के साथ काम करने से इनकार कर दिया था. हाल ही में गुड़गांव फिल्म में नजर आए अक्षय ने कहा है, ऐश्वर्या राय बच्चन और राकेश ओमप्रकाश मेहरा के साथ कोई पागल ही काम नहीं करना चाहेगा? ऐश्वर्या और राकेश सर के साथ काम करने मेरे लिए सम्मान की बात होगी. फिल्म के लिए मैंने ऑडिशन दिया था और शॉर्टलिस्ट भी हुआ था लेकिन बदकिस्मती से मुझे रोल के लिए नहीं चुना गया और ये सब बातें आने लगीं. प्रोड्यूसर से अगर फाइनल कॉल आई होती तो मैं बेहद खुश होता.

## श्रुति सेठ को अच्छा लगता जब कोई महिला किसी को किक मारे

अभिनेत्री श्रुति सेठ को एटोमिक ब्लॉन्ड में हॉलीवुड अभिनेत्री शार्लीज थेरॉन का एक्शन अवतार बहुत पसंद आया है. श्रुति ने यहां फिल्म के प्रीमियर के मौके पर कहा, यह देखना हमेशा से अच्छा लगता रहा है कि कोई महिला किसी को किक मारे. मैंने कहीं पढ़ा था कि वह (थेरॉन) अपने स्टंट खुद करती हैं, जो मुझे लगता है कि लाजवाब है. यह सब मजेदार है, महान संगीत और शानदार ध्वनि के साथ स्टाइलिश फिल्म है. यह 80 और 90 के दशक की याद दिलाती है.

**उपन्यास द कोल्डेस्ट सिटी पर आधारित है फिल्म**

**पीएमआर पिक्चर्स और वीकेएओ के सहयोग से मामी कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह की शुरुआत में फिल्म का प्रीमियर हुआ. डेविड लेच द्वारा निर्देशित फिल्म वर्ष 2012 के ग्राफिक उपन्यास द कोल्डेस्ट सिटी पर आधारित है. इसमें लोरेन ब्रोटन, जेम्स मैकावॉय, डेविड पेरिस्वाल, एडी मार्सन, जॉन गुडमैन, एमेट्ट कुर्जफिल्ड और टोबी जोन्स जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में है.**

**फिल्म के प्रीमियर में ये भी हुए शामिल**

फिल्म के प्रीमियर में फिल्म जगत से अक्षय ओबराय, राजश्री देशपांडे, तनुजा चंद्रा, रणवीर शौरी, राघव चनाना, कानू बहल, रोहन सिप्पी, रजत बारमेछा और मोजेज सिंह शामिल हुए.

## 'भूमि' का नया लुक आया सामने, संजय दत्त की बेटी बनी हैं अदिती राव हैदरी



संजय दत्त की फिल्म 'भूमि' का पहला पोस्टर आते ही सुर्खियों में आ गया था. पोस्टर में संजय दत्त का इंटेंस लुक नजर आ रहा था. फिल्म का नया पोस्टर भी आ गया है. जिसमें संजय दत्त और अदिती राव हैदरी नजर आ रहे हैं. फिल्म में संजय अदिती के पिता के रोल में हैं. डायरेक्टर उमंग कुमार कहते हैं, पिता और बेटी के रोल में संजय और अदिती खूब फबते हैं और एक-दूसरे को कॉम्प्लिमेंट करते हैं. दोनों के बीच का बॉन्ड इस पोस्टर से बखूबी जाहिर हो जाता है. फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार कहते हैं, भूमि बाप-बेटी के रिश्ते पर आधारित फिल्म है और यह पोस्टर इस रिश्ते के बारे में काफी कुछ कह देता है. फिल्म में संजय और अदिती ने इन किरदारों को बेहतरीन ढंग से निभाया है. पोस्टर से इसका इशारा मिल जाता है. ड्यूसर संदीप सिंह को लगता है कि इस फिल्म के लिए इससे बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती है. वे कहते हैं, इन किरदारों को निभाने के लिए कसंजय और अदिती से बेहतर कोई और नहीं हो सकता था.

## हम कुछ सिखा नहीं रहे, शो चला रहे हैं : तेजस्विनी प्रकाश

टीवी सीरियल पहरेदार पिया की के कंटेंट को लेकर बढ़ते विरोध और हाल ही में इस शो को बंद करने को लेकर शुरू हुई ऑनलाइन याचिका के बाद अब इस शो में अपने पिया की पहरेदार बनी नजर आ रही एक्ट्रेस तेजस्विनी प्रकाश ने इस शो को प्रोग्रेसिव सोच का बताया है. इस शो की शुरुआत से ही इसके कंटेंट और शो में एक 9 साल के बच्चे और 18 साल की लड़की की शादी की थीम पर कई जगह से एतराज जताया जा रहा था, लेकिन जैसे-जैसे यह शो टेलिकास्ट हो रहा है, इससे जुड़े विवाद रुकने के बजाए बढ़ते जा रहे हैं. ऐसे में अपने शो पर उठे विवाद पर लीड एक्ट्रेस तेजसविनी ने आईएएनएस से कहा कि लोग शो को बिना देखे ही उसपर कमेंट कर रहे हैं. तेजस्विनी ने कहा, मुझे लगता है ये सीरियल काफी प्रोग्रेसिव है. लोग सीरियल बिना देखे ही अनुमान लगा रहे हैं. लोग बस दूसरों को जज करना जानते हैं. ऐसे में मैं क्या कर सकती हूं.







## जन्माष्टमी है पवित्र और खास

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का दिन बडा ही पवित्र और खास है जैनियों के भावी तीर्थकर और वैदिक पंरपरा के नारायण श्रीकृष्ण के अवतरण का दिन है इस दिन कृष्ण ने पूरी दुनियां को कर्मयोग का पाठ पढाया। उन्होंने प्राणीमात्र को यह संदेश दिया कि केवल कर्म करना मनुष्य का अधिकार है। इंसान सुख और दुख दोनों में भ÷वान का स्मरण करता है। भगवान श्रीकृष्ण को सोलह कलाओं का अवतार माना जाता है। यह सच है कि कृष्ण ने सामज के छोटे से छोटे व्यक्ति का सम्मान बढाया, जो जिस भाव से कृष्ण के पास सहायता के लिए आया उन्होंने उसी रूप में उसी इच्छा पूरी की। अपने कर्मधर्म से उन्होंने सब लोगों का विश्वास जीत लिया कि आज के समय में भी लोग उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के रूप में मानते और पूजते हैं। श्रीकृष्ण पूर्णतया निर्विकारी है। तभी तो उनके अंगों के साथ भी लोग कमल शब्द जोडते हैं। जैसे- कमलमुख, कमलनयन, करकमल, आदि। उनका स्वरूप चैतन्य है। श्रीकृष्ण ने तो द्रोपती का चीर बढाकर उसे अपमानित होने से बचाया था। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से अर्जुन को अनासक्त कर्म यानी बिना फल के इच्छा किये बिना कर्म करने की प्रेरणा दी।